# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर–27, नवा रायपुर, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511287, 2511288, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com


**क्रमांक/NHM/HR/2022/NS-29/** 793 **नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक** 02/06/2022

## –: दस्तावेज परीक्षण/कौशल परीक्षा हेतु सूचना :–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत प्रदेश के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित SNCU में **Secretarial Assistant** (सचिवीय सहायक) के रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पद के विरूद्ध अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा–आपत्ति के निराकरण उपरांत सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड की गयी है। अतः प्राथमिकता क्रम में मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं कौशल परीक्षा का आयोजन **दिनांक 06.06.2022** को, **स्थान–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़, तृतीय तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर) सेक्टर–27, नवा रायपुर, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)** में किया जायेगा। दस्तावेज परीक्षण एवं कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट में जारी की जा रही है।

**अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक निर्देश :–**

01– **विज्ञापन की कण्डिका 3.7.4 के अनुसार शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के एस.एन.सी.यू. में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देते हुये दस्तावेज परीक्षण एवं कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। पद रिक्त होने की स्थिति में शेष अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जा सकता है।**

02– लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन का समय –

- प्रातः 10:00 बजे – **पंजीयन।**
- प्रातः 10:30 बजे – **दस्तावेज सत्यापन।**
- अपरान्ह 12:00 बजे – **कौशल परीक्षा।**

03– अभ्यर्थी अपरान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्यतः अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। अपरान्ह 12:00 बजे के पश्चात् अभ्यर्थियों की उपस्थिति मान्य नहीं किया जावेगा।

04– अभ्यर्थी निम्नांकित दस्तावेजों की मूलप्रति एवं एक सेट प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित) अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा :–

- 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूची।
- स्नातक परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकसूची।
- कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा सर्टिफिकेट।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छ.ग. का मूल निवास प्रमाण–पत्र।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र। (यदि लागू हो तो)

क्रमशः ...... 02

- SNCU में कार्यरत अभ्यर्थियों हेतु नियुक्ति आदेश की प्रति।
- अनुभव प्रमाण–पत्र (आवेदित पद से संबंधित हो)।
- अनापत्ति प्रमाण–पत्र। (यदि लागू हो तो)।
- अभ्यर्थी का पहचान पत्र (ID Proof)।
- एक नग पासपोर्ट साईज फोटो (वर्तमान का)।

उपरोक्त दस्तावेजों का एक सेट प्रतिलिपित स्वप्रमाणित कर जमा करना अनिवार्य होगा।

05– अभ्यर्थियों के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर दस्तावेज परीक्षण/कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। अतः भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी के द्वारा दी गई जानकारी असत्य/अपूर्ण पाये जाने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

06– भर्ती से संबंधित समस्त जानकारी के लिये प्रकाशित विज्ञापन का अवलोकन करें। विज्ञापन के नियमानुसार भर्ती संबंधी कार्यवाही की जावेगी।

07– सभी उम्मीदवारों को कोविड–19 से सुरक्षा हेतु शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

02/06/2022

**संयुक्त संचालक**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**छत्तीसगढ़**